BIJENDRA PUBLIC SCHOOL

Class - 4

Subject : HINDI COURSE BOOK

पाठ – 14 रक्षाबंधन

1. शब्दार्थ :–

पावन	–	पवित्र
पर्व	–	त्योहार
आश्चर्यचकित	–	हैरान
असमंजस	–	दुविधा
उल्लास	–	खुशी
विपत्ति	–	मुसीबत
आक्रमण	–	हमला
शत्रुता	–	दुश्मनी

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए –

क. रक्षाबंधन का त्योहार कैसे मनाया जाता है?

उत्तर बहन द्वारा भाई की कलाई पर राखी बाँधकर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाता है।

ख. राखी के दिन भाई क्या प्रण लेते हैं?

उत्तर राखी के दिन भाई अपनी बहन की रक्षा का प्रण लेते हैं।

ग. नेहा ने राखी के त्योहार के लिए क्या–क्या तैयारियाँ कीं?

उत्तर नेहा ने राखी के त्योहार के लिए ढेर सारी राखियाँ और मिठाइयाँ खरीदीं।

3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क. नेहा ने अपने भाइयों के लिए किस–किस रंग की राखियाँ लीं?

उत्तर नेहा ने अपने भाइयों के लिए धानी व पीली रंग की राखियाँ लीं।

ख. दुकानदार ने नेहा को कैसी राखियाँ दिखाईं?

उत्तर दुकानदार ने नेहा को जगमगाती राखियाँ, चंदन की राखियाँ, बजने वाली राखियाँ और सोने–चाँदी की राखियाँ दिखाईं।

ग. रक्षाबंधन का त्योहार कैसे शुरू हुआ?

उत्तर एक बार भगवान कृष्ण के हाथ में चोट लग गई थी, रक्त की धारा बह रही थी। तभी द्रोपदी ने अपनी साड़ी के पल्लू से कपड़ा फाड़कर भगवान कृष्ण के हाथ में पट्टी बाँध दी थी। भगवान कृष्ण ने विपत्ति के समय द्रोपदी को रक्षा का वचन दिया था। बस तभी से रक्षाबंधन की शुरूआत हुई।

घ. मेवाड़ की रानी कर्मवती ने बादशाह हुमायूँ को राखी क्यों भेजी?

उत्तर मेवाड़ की रानी कर्मवती ने बादशाह हुमायूँ को राखी भेजी क्योंकि बहादुरशाह ने चितौड़ पर आक्रमण कर दिया था। रानी की फौज उसका मुकाबला नहीं कर सकती थी इसलिए रानी ने राखी भेजकर उनसे सहायता का अनुरोध किया।

4. मूल्यपरक प्रश्न :–

प्रश्न राखी के त्योहार को रक्षाबंधन क्यों कहा जाता है?

उत्तर राखी के त्योहार को रक्षाबंधन कहा जाता है क्योंकि बहन अपने भाई को राखी बाँधती है और भाई अपनी बहनी की रक्षा का प्रण लेते हैं तथा उसे निभाते भी हैं, ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार भगवान कृष्ण ने द्रोपदी को रक्षा का वचन दिया था और समय आने पर वे उसकी रक्षा भी करते हैं।

5. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. नेहा की फ्रॉक का रंग कैसा था?

पीला	✓ गुलाबी	नीली

ख. नेहा राखियाँ खरीदने किसके साथ बाजार गई?

माता जी के साथ	✓ पिता जी के साथ	मामा जी के साथ

ग. द्रोपदी ने पल्लू से कपड़ा फाड़कर किसके हाथ पर बाँधा था?

भगवान शिव के	✓ भगवान कृष्ण के	हुमायूँ के

घ. रक्षाबंधन का त्योहार कब मनाया जाता है?

✓ सावन की पूर्णिमा को	भादों की पूर्णिमा को	सावन की अमावस्या को

ङ रक्षाबंधन के दिन अमरनाथ में किसकी पूजा होती है?

माता पार्वती की	✓ शिवलिंग की	कैलाश की

6. सही कथन के आगे सत्य तथा गलत कथन के आगे असत्य लिखिए –

क.	नेहा ने रक्षाबंधन पर पुरानी फ्रॉक पहनी थी।	असत्य
ख.	नेहा राखियाँ देखकर उलझन में पड़ गई।	सत्य
ग.	नेहा गुलाबी फ्रॉक पहनकर गुड़िया–सी लग रही थी।	सत्य
घ.	शिवलिंग की पूजा के बाद अमरनाथ की यात्रा का समापन होता है।	सत्य

7. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

रक्षाबंधन का यह त्योहार सावन की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन प्रसिद्ध तीर्थ अमरनाथ में हिम से निर्मित शिवलिंग की विशेष पूजा होती है। इसे छड़ी पूजन कहते हैं। इस पूजा के बाद अमरनाथ यात्रा का समापन हो जाता है।